# भागीरथपुरा कांड पर सांसद लालवानी की चुप्पी क्यों..?

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** शहर के भागीरथपुरा जहरीले पानी के कारण बड़ी त्रासदी हो गई. भाजपा के स्थानीय सांसद ने क्षेत्र में झांका तक नहीं. देश भर में भागीरथपुरा त्रासदी की चर्चा हो रही है और सांसद का घटना को लेकर असंवेदनशील रवैए अपनाना, जनता को खल रहा है. चर्चा इस बात की भी हो रही है कि क्या भागीरथपुरा से बीजेपी और सांसद को वोट नहीं मिले? जो सांसद क्षेत्र में घटना के 15 दिन बीतने के बाद भी पीड़ितों की खैर खबर लेने नहीं पहुंचे. इसका क्या कारण हो सकता है?

लगता है कि भाजपा में अंदरूनी कलह सतह पर आ गई है. संगठन में बिखराव आंतरिक तौर पर शुरू हो गया है. गुटीय संतुलन बनाए रखने के बजाए बिखरता जा रहा है. इंदौर भाजपा का अभेद गढ़ माना जाता है, शहर की जनता भाजपा नेताओं पर आंख बंद करके विश्वास जताती आ रही है. आज उसी शहर की जनता के साथ सांसद का बेरुखा व्यवहार चर्चा का विषय बन



चुका है !शहर के भागीरथपुरा में जहरीले पानी से 20 से ज्यादा मौतें हो गई और हजारों की संख्या में लोग बीमार हो गए. इतनी बड़ी घटना के बाद स्थानीय सांसद शंकर लालवानी का एक बार भी क्षेत्र में नहीं जाना और ना ही पीड़ितों का हालचाल पूछना, जन चर्चा का विषय बन गया है. ऐसी चर्चा है कि भाजपा में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय को आंतरिक तौर पर कमजोर करने की रणनीति चल रही है. यही कारण है कि शहर के विधायकों ने भी घटना क्षेत्र से दूरी बना रखी है. इतना ही नहीं मुख्यमंत्री के सामने मुंह दिखाई कर पूरे मामले में विजयवर्गीय और महापौर पुष्यमित्र भार्गव को अकेला कर दिया गया. दूसरी ओर बीजेपी अतिविश्वास में रही कि कांग्रेस ज्यादा कुछ नहीं कर सकेगी. भाजपा का यह दांव उल्टा पड़ गया और कांग्रेस ने घटना को राष्ट्रीय स्तर का मुद्दा बना दिया. बताया जा रहा है कि भाजपा का एक धड़ा विजयवर्गीय के खिलाफ सक्रिय हो रहा है.

## आंतरिक राजनीतिक प्रतिस्पर्धा

इस सबसे अलग बात यह है कि सांसद लालवानी द्वारा भागीरथपुरा क्षेत्र से दूरी बनाना भाजपा की आंतरिक राजनीतिक प्रतिस्पर्धा का हिस्सा माना जा रहा है। आज इस हालत में लालवानी का पीड़ितों के बीच नहीं जाने से विजयवर्गीय ही नहीं, बल्कि भाजपा भी कमजोर हुई है। कांग्रेस पार्टी को उक्त घटना से स्वयं को खड़ा करने का मौका जरूर मिल गया और मुद्दा हाथ में आने से भाजपा पूरी तरह से रक्षात्मक मुद्रा में है.

# ड्रेनेज और पेयजल की लाइन डालने का काम तेजी से करें

- भागीरथपुरा में अपर मुख्य सचिव मण्डलोई और राजन ने लिया जायजा

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर के भागीरथपुरा क्षेत्र में जहरीले पानी की घटना के बाद आज सुबह प्रदेश के अपर मुख्य सचिव द्वय ने दौरा किया. दौरे के दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने स्वास्थ्य, जल आपूर्ति, स्वच्छता एवं ड्रेनेज सुधार कार्यों की मौके पर समीक्षा की. साथ ही अधिकारियों को क्षेत्र में ड्रेनेज और नर्मदा लाइन का काम तेजी से करने के निर्देश दिए.**

आज सुबह प्रदेश सरकार में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई और इंदौर प्रभारी अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने भागीरथपुरा क्षेत्र की स्थिति का जायजा लिया. दोनों वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कलेक्टर शिवम वर्मा और निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल, स्वास्थ, नगर निगम, प्रशासन, पीएचई विभाग के अधिकारी मौजूद थे. अपर मुख्य सचिव मण्डलोई और राजन ने भागीरथपुरा की पानी की टंकी, स्वास्थ्य केन्द्र, संजीवनी केन्द्र, आँगनवाड़ी सहित क्षेत्र में चल रहे ड्रेनेज तथा पेयजल लाईन सुधार के कार्यों का निरीक्षण किया. भ्रमण के दौरान अधिकारियों ने प्रभावित नागरिकों के उपचार



व्यवस्थाओं की उपलब्धता, शुद्ध जल आपूर्ति की स्थिति तथा स्वच्छता कार्यों को देखा. उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी स्तर पर लापरवाही न हो और प्रभावित क्षेत्र के हर नागरिक तक स्वास्थ्य सेवाए पहुँचे. उन्होंने क्षेत्र के हर रहवासी का स्वास्थ्य परीक्षण लगने के आदेश भी दिए. साथ ही जो मरीज ठीक स्वास्थ हो चुके है, उनकी भी निगरानी रखी जाएं.

## हर नागरिक को स्वास्थ्य कार्ड दें

मण्डलोई और राजन ने स्वास्थ विभाग को निर्देश दिए कि भागीरथपुरा क्षेत्र में हर नागरिक को स्वास्थ्य कार्ड दिया जाए. कार्ड में जांच, उपचार एवं फॉलो-अप से संबंधित समस्त विवरण दर्ज करें, जिससे भविष्य में भी स्वास्थ्य निगरानी में समस्या नहीं आए. दूषित पानी की समस्या के स्थाई समाधान के लिए ड्रेनेज कार्यों की भी समीक्षा की गई. पेयजल की लाईन भी डालने का काम तेजी से जारी है. उन्होंने बोरिंग के पानी को पीने के पानी में उपयोग नहीं करने के संबंध में निर्देश दिए और कहा कि बोरिंग का पानी कोई भी नागरिक पीने में उपयोग नहीं करें.

# अधिकारियों और नेताओं की बैठक में कई अहम निर्णय

नव भारत न्यूज

**इंदौर. आज दोपहर भागीरथपुरा की घटना को लेकर अधिकारियों और नेताओं की रेसिडेंसी कोठी पर बैठक हुई. बैठक में शहर में स्थिति सामान्य बनाने को लेकर कई निर्णय लिए गए हैं. टेंडर और अन्य सुधार कार्यों में तेजी लाने के साथ प्राथमिकता से पूरा करने पर सहमति बनी है.**

आज दोपहर अपर मुख्य सचिव नीरज मंडलोई, अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन और जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में भागीरथपुरा मामलें पर बैठक हुई. बैठक में नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जलसंसाधन



मंत्री तुलसी सिलावट, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक रमेश मेंदोला, गोलू शुक्ला, मालिनी गौड़, मधु वर्मा उपस्थित थे. सांसद शंकर लालवानी नदारद रहे. बैठक में भागीरथपुरा में स्थिति सामान्य करने के लिए निर्णय लिए गए. उक्त निर्णय पर तेजी से काम करने की प्राथमिकता तय की गई.

**बैठक के अहम निर्णय...**

- नगर निगम में रिक्त पदों पर नियुक्ति करने खासकर तकनीकी पदों की भर्ती जरूरी.
- सारी टंकियों पर एक-एक सब इंजीनियर, शहर की सभी टंकियों पर क्षेत्र की लाइन का नक्शा तैयार करना
- पानी के लिए जितनी लेब की आवश्यकता है उसकी पूर्ति करें.
- उक्त सभी निर्णयों पर तेजी से कार्य करना आवश्यक है. प्रक्रिया का पालन करते हुए अतिआवश्यक कार्यों को पूरा करें.
- नॉर्मल स्थित बनाने के लिए सामुदायिक गतिविधि प्रारम्भ कर जनता को प्रेरित करना.

# भागीरथपुरा में स्थिति तेजी से सुधर रही : विजयवर्गीय

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** भागीरथपुरा में स्थिति तेजी से सुधर रही है और मरीजों की संख्या कम हुई है. क्षेत्र के 30 प्रतिशत हिस्से में दो दिन बाद नर्मदा पानी सप्लाई शुरू हो जाएगा. बाकी हिस्से में काम चल रहा है, उसमें थोड़ा समय लगेगा.

यह बात प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्रदेश के वरिष्ठ अधिकारियों से साथ बैठक के बाद कही. उन्होंने कहा कि भागीरथपुरा में नर्मदा जल वितरण अगले दो दिन में शुरू कर दिया जाएगा, हालांकि यह अभी सिर्फ 30 प्रतिशत इलाके में ही किया जाएगा. भागीरथपुरा के 70 प्रतिशत क्षेत्र में नर्मदा और ड्रेनेज लाइन का काम चल रहा है और



करीब डेढ़ महीने में पूरा होने के बाद नर्मदा पानी की सप्लाय शुरू होगी. इसके बावजूद नागरिकों को पानी उबालकर पीने की सलाह लगातार दी जा रही है। क्षेत्र में बोरिंग को नर्मदा लाइन से बंद किया है. भागीरथपुरा में स्वास्थ के लिए मेडिकल चेक अप शुरू किया जा रहा है। आज शाम मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुद्ध जल अभियान शुरू कर रहे हैं। हमने घटना की नैतिक जिम्मेदारी ली है। क्षेत्र के विकास कार्यों की जैसे जैसे निविदाएं स्वीकृत होगी, वैसे ही काम शुरू हो जाएगा। यह बात बाद में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने भी मीडिया के सामने दोहराई.

## एक नजर में

### फैशन शोकेस के साथ ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर का समापन

इंदौर. ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर 2025 का समापन हुआ, जिसने गुरुग्राम, जयपुर और कोलकाता में फैशन अनुभवों के नए मानक स्थापित किए. 'द वन एंड ओनली' थीम के मंच के साथ इस टूर ने भविष्य के फैशन की झलक पेश की और तीन अलग-अलग, लेकिन बेहद प्रभावशाली कहानियों को सामने रखा. इन प्रस्तुतियों ने यह दिखाया कि फैशन को कैसे देखा, महसूस किया और कल्पना की जा सकती है. हर शहर में ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने फैशन को नई दिशा दी. पर्नोड रिकार्ड इंडिया की सीएमओ देबश्री दासगुप्ता ने कहा, एफडीसीआई के सहयोग से आयोजित ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर भारतीय फैशन का सबसे प्रतिष्ठित मंच रहा है. हमारी 'द वन एंड ओनली' सोच से प्रेरित होकर हम भारत के बेहतरीन डिजाइनरों के साथ मिलकर फैशन और स्टाइल के विकास में लगातार नए मानक स्थापित कर रहे हैं.

### महादेव एंड सन्स' कलर्स और जियो हॉटस्टार पर

इंदौर. कुछ रिश्ते मिसाल बन जाते हैं और कुछ मिसालों का बोझ बनकर रह जाते हैं. इस भाव को जीवन्त करते हुए कलर्स प्रस्तुत करता है 'महादेव एंड सन्स', एक दिलचस्प पारिवारिक ड्रामा जो निषिद्ध प्रेम से जन्मा है और जीवनभर के परिणामों से आकार लेता है. यह हर सोमवार से शुक्रवार रात 9.30 बजे सिर्फ़ कलर्स और जियोहॉटस्टार पर आता है. सौरभ तिवारी, निर्माता, परिन मल्टीमीडिया कहते हैं शो की कल्पना एक सरल लेकिन शक्तिशाली अवलोकन से हुई—कि हर परिवार का अपना अलग चरित्र होता है. हम ऐसी कहानी कहना चाहते थे जहाँ भावनाएँ धूसर रंगों में मौजूद हों, जहाँ हर पात्र यह मानता हो कि वह किसी कीमती चीज़ की रक्षा कर रहा है. हमारा ध्यान भावनात्मक निरंतरता पर था, न कि केवल एपिसोडिक राहत पर. उद्देश्य था एक ऐसी कथा गढ़ना जो लंबे समय तक चले और बदलती पारिवारिक गतिशीलता को दर्शाए.

### एवी प्राइम ने मनाया 9वां स्थापना दिवस

इंदौर. इलेक्ट्रॉनिक्स एवं होम अप्लायंसेज़ क्षेत्र में तेजी से उभरते भारतीय ब्रांड एवी प्राइम ने अपनी स्थापना के 9 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर इंदौर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया. इस अवसर पर कंपनी द्वारा डीलर मीट का आयोजन किया गया, साथ ही बजाज फिनसर्व के साथ रणनीतिक साझेदारी की औपचारिक घोषणा एवं नई उन्नत कूलर श्रृंखला का भव्य शुभारंभ किया गया. कार्यक्रम में एवी प्राइम के निदेशक आशीष जैन एवं राजीव जैन के साथ देशभर से आए प्रमुख डीलर पार्टनर एवं व्यावसायिक सहयोगी उपस्थित रहे। डीलर मीट के दौरान कंपनी ने अपनी अब तक की उपलब्धियों, बाजार में बढ़ती उपस्थिति, भविष्य की विस्तार योजनाओं तथा डीलर नेटवर्क को और अधिक मजबूत बनाने की रणनीतियों पर विस्तार से चर्चा की. एवी प्राइम के निदेशक आशीष जैन ने कहा हमारी 9 वर्षों की इस सफल यात्रा में डीलर्स, व्यावसायिक साझेदारों और ग्राहकों का विश्वास हमारी सबसे बड़ी शक्ति रहा है. बजाज फिनसर्व के साथ यह साझेदारी और नई कूलर श्रृंखला का शुभारंभ हमें आने वाले वर्षों में और अधिक तेजी से आगे बढ़ने में सहायता करेगा.

### बादाम के साथ फसल के जश्न में पोषण जोड़ें

इंदौर. मकर संक्रांति पूरे भारत में लंबे दिनों, ताज़ी फसल और नई ऊर्जा के आने का प्रतीक है. पोंगल, लोहड़ी, उत्तरायण और माघ बिहू जैसे अलग-अलग रूपों में मनाया जाने वाला यह त्योहार खुशहाली, आभार और नई शुरुआत का प्रतीक है. जैसे-जैसे परिवार पारंपरिक पकवान और मिठाइयाँ बनाने के लिए एक साथ आते हैं, यह मौसम कैलिफ़ोर्निया बादाम को शामिल करके उत्सव और सेहतमंद पोषण के बीच संतुलन बनाने का मौका देता है। प्रोटीन, स्वस्थ वसा और एंटीऑक्सीडेंट्स के अनोखे मिश्रण के साथ, बादाम ताकत बढ़ाने, प्रतिरक्षा प्रणाली का समर्थन करने और लंबे समय तक ऊर्जा प्रदान करने में सहायक हैं. रितिका समद्दार, रीजनल हेड डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर, नई दिल्ली, ने कहा मकर संक्रांति के उत्सव में पारंपरिक व्यंजन महत्वपूर्ण हैं, लेकिन छोटे और सोच-समझकर सही चीज़ें चुनने से सेहत को बहुत फायदा हो सकता है. बादाम पोषक तत्वों से भरपूर, प्राकृतिक रूप से तृप्ति देने वाले हैं और कार्बोहाइड्रेट-रिच खाद्य पदार्थों के साथ सेवन करने पर ब्लड शुगर के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं.

### ग्रीन एनर्जी में निवेश का बेहतरीन मौका

इंदौर. बिजली के बढ़ते बिल और पर्यावरण को लेकर बढ़ती चिंता के बीच सोलर एनर्जी आज सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि खासा जरूरत बन चुकी है. ऐसे समय में ग्रीन एनर्जी से जुड़ी कंपनियाँ न सिर्फ पर्यावरण को बेहतर बनाने में मदद कर रही हैं, बल्कि निवेशकों के लिए भी अच्छे मौके लेकर आ रही हैं. इसी कड़ी में जीआरई रिन्यू एनर्टेक लिमिटेड अपना आईपीओ लेकर आ रही है. 13 जनवरी से आम निवेशकों और 12 जनवरी, 2026 को एंकर निवेशकों के लिए खुलने वाला यह आईपीओ 16 जनवरी, 2026 को बंद होगा. शेयर का प्राइस बैंड 100 से 105 रुपए तय किया गया है. यह पूरी तरह फ्रेश इश्यू है, जिसमें 37.68 लाख नए शेयर जारी किए जाएँगे. ऊपरी प्राइस बैंड पर आईपीओ का साइज करीब 39.56 करोड़ रुपये है। कंपनी के शेयर बीएसई एसएमई प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे.

# सजा वैकुंठनाथ का फूल महल, आकर्षक रंगोली बनाई

- गोदा रंगनाथ विवाह उत्सव, रथ यात्रा 11 जनवरी को

**इंदौर. उत्सव के द्वितीय दिवस पर विशाल दरवाजों से सजे फूल महल में आज प्रभु वैकुंठनाथ वेंकटेश बालाजी के दर्शन हुए.**

श्री पद्मावती वेंकटेश देव स्थान पर ब्रह्मोत्सव में आज फूल बंगला सजाया गया जिसमें जरी के कपड़ों एवं लकड़ी के स्ट्रक्चर पर फूल महल का निर्माण किया गया. मंदिर समिति के हरिकिशन साबू भोपू जी, दिनेश अग्रवाल एवं श्यामा मोहन लड्ढा ने बताया कि इसमें मोगरा, गेंदा, गुलाब, जूही, कुंद जरबेरा, आर्केड सहित 300 किलो से अधिक फूलों का प्रयोग किया गया. छत पर फूलों की सुंदर झालर एवं खंभों पर फूलों का सुंदर कार्य देखते ही बन पड़ा था. इस बार श्रद्धालुओं के लिए दर्शन की व्यवस्था निज मंदिर में बीच में से की





गई थी. आसपास सुंदर पुष्पों से श्रृंगार किया गया था. चारों तरफ आकर्षक फूलों की रंगोली भी बनाई गई थी. फूलों के साथ में केल के तनो पर का सुंदर वर्क भी दिखाई दे रहा था. मंदिर समिति के बंशीधर सोमानी, नारायण मालानी एवं सुभद्राबाई साबू ने बताया कि स्वामी केशवाचार्य महाराज के सान्निध्य में मनोज सोमानी महेश चानी, अनिल सुनील बाहेती, टीकम चंद गर्ग, विष्णु बिंदल, केदारमल जाखेटिया, कश्यप परिवार एवं पोद्दार परिवार द्वारा भगवान का पूजन अर्चन किया गया. तत्पश्चात फूल बंगले के दर्शन खोले गए. दर्शन के दौरान भजन गायक राम हुरकट ने देर रात तक भजनों की प्रस्तुति से सबका मन मोहा. इस अवसर पर दर्शन व्यवस्था का कार्य केशव मित्र मंडल, संजय चौहान, मदन बंग, दिलीप वाणी, राजेंद्र मंत्री ने संभाला.

## मेहंदी गीत गाए

11 जनवरी को होने वाले गोदा रंगनाथ विवाह उत्सव के पूर्व आज दोपहर से ही मंदिर में मेहंदी के गीत गाये गए. गोदा महारानी को हल्दी भी लगाई गई. आओ सखियों मुझे मेहंदी लगा दो, गोदाजी संग रंग जी ब्याव रचाया, श्रीरंगम से आई रेल जा में आया बताशा गोदाजी के विवाह में सब करे तमाशा जैसे गीत साधना साबू राजेश्वरी मालानी संगीता बाबरेचा सविता जाजू तारामणि समदानी एवं सखियां गा रही थी. 11 जनवरी को सुबह 11 बजे से गोदा रंगनाथ विवाह उत्सव मनाया जाएगा. मंदिर समिति के नितिन तापड़िया ने बताया कि शाम 5 बजे भगवान वेंकटेश की रथयात्रा लाव लश्कर के साथ मंदिर परिसर से निकलेगी एवं अंबिकापुरी 60 फीट रोड होते हुए पुन: मंदिर परिसर पहुंचेगी.

# विश्व ब्राह्मण समाज संघ की नियुक्ति व शपथ विधि आज

**इंदौर.** विश्व ब्राह्मण समाज संघ रविवार 11 जनवरी को इंदौर उज्जैन संभाग के पदाधिकारी की नियुक्ति एवं शपथ विधि समारोह का आयोजन करने जा रहा है इस अवसर पर 15 जिले के पदाधिकारी को गर्भ संस्कार दिव्य संतान प्रकल्प जागरूकता कार्यशाला भी रखी गई है. विश्व ब्राह्मण समाज संघ एवं अनंत सेवा न्यास सामाजिक सरोकार और मानवीय मूल्य के लिए देशभर में कार्यक्रमों का आयोजन करते आए हैं. अनंत महंत, विनीत त्रिवेदी ने बताया कि रविवार को पलासिया के समीप अंगारा होटल में सुबह 11 बजे इंदौर उज्जैन संभाग के पदाधिकारी की नियुक्ति की जाएगी एवं सर्व समाज को आगे बढ़ाने एवं सभी के सहयोग, देश हित अपनत्व भाव की शपथ दिलाई जाएगी. कार्यक्रम के अध्यक्षता दिव्य संतान प्रकल्प के राष्ट्रीय संयोजक पूर्व राज्य मंत्री दर्जा पंडित योगेंद्र महंत करेंगे इस अवसर पर विषय विशेषज्ञ डॉक्टर अनिल गर्ग एवं अन्य सभी पदाधिकारी के बीच दिव्य संतान प्रकल्प पर गर्भधारण संस्कार की जानकारियों को है बारी बारी से रखेंगे.

# एमवे इंडिया ने होम डिलीवरी के अनुभव को नया आकार दिया

इंदौर. स्वास्थ्य और वेलबीइंग की ज़रूरतों को पूरा करने वाली अग्रणी कंपनियों में से एक, एमवे इंडिया ने अपनी होम डिलीवरी सेवाओं में बड़े सुधारों की जानकारी साझा की. ये अपग्रेड कंपनी की उस प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं, जिसके तहत पूरे देश में डिस्ट्रीब्यूटर्स और उनके ग्राहकों को तेज़, भरोसेमंद और सहज ऑर्डरिंग अनुभव मिल सके. इस बदलाव पर एमवे इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर राजनीश चोपड़ा ने कहा, डिस्ट्रीब्यूटर्स और ग्राहक हमारी रणनीति के केंद्र में हैं, और हम होम डिलीवरी को एक रणनीतिक स्तंभ के रूप में विकसित कर रहे हैं—जो बेहतर सेवा, प्रोडक्ट एक्सेस में सुधार और पूरे भारत में सहज अनुभव उपलब्ध करवाता है. यह परिवर्तन मज़बूत राष्ट्रीय साझेदारियों, बेहतर डिजिटल बैकबोन और ज़्यादा चुस्त सप्लाई चेन में रणनीतिक निवेश से संभव हुआ है, जिससे हम तेज़ी से प्रतिक्रिया दे पाते हैं, स्मार्ट तरीके से काम करते हैं और अधिक निरंतरता के साथ सेवा देते हैं. जो बात मुझे भरोसा देती है वह है ज़मीनी स्तर पर दिख रहा बदलाव- हमारी पहुँच मज़बूत है, हमारी सिस्टम्स ज़्यादा इंटेलिजेंट हैं, और आज का अनुभव पहले से कहीं ज़्यादा सहज है.





